GOVIND SINGH RAGHUWAMSHI - 30-08-2020

9/18

①

कौटिल्य एकेडमी

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

प्रश्न संख्या

1 A

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक सांविधिक निकाय है, जिसका गठन मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के अंतर्गत किया गया है। यह देश में मानवाधिकारों का प्रहरी है। (2)

1 B

घरेलू हिंसा (निवारण) अधिनियम, 2005 के अनुसार महिलाओं के साथ परिवार के सदस्यों द्वारा किये जाने वाले अत्याचार जैसे - शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना, भावनात्मक पीड़ा, सामाजिक एवं आर्थिक बहिष्कार की धमकी आदि घरेलू हिंसा के अंतर्गत आते हैं। (1½)

1 C

संज्ञेय, संक्षेपत: विचारणीय एवं गैरजमानती (2)

1 D

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 सार्वजनिक संस्थानों (सुरक्षा संस्थानों को छोड़कर) पर लागू होता है। (2)

Scanned with CamScanner

कौटिल्य एकेडमी

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका (Mains Answer Sheet)

प्रश्न संख्या

1 E

(i) केन्द्रीय उपभोक्ता फोरम - 1 करोड़ रु. के ऊपर के मामले।

(ii) राज्य उपभोक्ता फोरम - 20 लाख से 1 करोड़ तक के मामले।

(iii) जिला उपभोक्ता फोरम - 20 लाख तक के मामले।

2

1 F

मध्यप्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010- 2010 से ही लागू है।

2

1 G

पेयजल में उपस्थित रसायनों जैसे - सीसा, एन्टीमनी एवं आर्सेनिक आदि की मात्रा के आधार पर पेयजल की गुणवत्ता मापी जाती है।

2

Scanned with CamScanner

भारत का नं. 1 संस्थान
कौटिल्य एकेडमी
सफलता का प्रवेश द्वार

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

प्रश्न संख्या

**1 H**

अनुच्छेद 21(A)

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2002 - इसके अंतर्गत 6-14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क अनिवार्य और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की व्यवस्था की गयी है।

अनुच्छेद 350 - मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा

अन्य अनुच्छेद - 41, 45, एवं 46

**1 I**

सामान्य प्रजनन दर = 15-49 आयु समूह की महिलाओं की संख्या (1 वर्ष में) / जीवित जन्मों बच्चों की संख्या

**1 J**

NIEPA - यह शैक्षिक योजना एवं प्रशासन के क्षेत्र में राष्ट्रीय/शीर्षस्थ संस्थान है।

स्थापना - 1962

प्रकृति - स्वायत्तशासी

प्रश्न संख्या

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

भारत का नं. 1 संस्थान
कौटिल्य एकेडमी
सफलता का प्रवेश द्वार...

1 K

मध्यप्रदेश मे महिलाओ को घरेलू हिंसा से बचाने के लिए ऊषा किरण योजना क्रियान्वित कि जा रही है।

1 L

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
ये इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे शीर्षस्थ संस्थान है।
ये उच्च शिक्षा मे अनुसंधान एवं विश्वस्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराते है।

1 M

कुपोषण अथवा अल्प पोषण को दूर करने के लिए पोषक तत्वो, विटामिन, प्रोटीन एवं खनिज तत्वो से युक्त अतिरिक्त आहार, पूरक पोषण कहलाता है।

More text

1/2

1/2

1/2

Scanned with CamScanner

प्रश्न संख्या

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

भारत का नं. 1 संस्थान
कौटिल्य एकेडमी
सफलता का प्रवेश द्वार...

1 N

BCG से तात्पर्य 'बेसिल कालमेट-ग्यूरिन' वैक्सीन है। यह शिशुओं को ट्यूबरक्युलर मैनिनजाइटिस और संचारित टीबी से बचाने के लिए दिया जाता है।

1 0

पैरामेडीकल स्टाफ

ये सहयोगी चिकित्सक होते हैं, जिनकी आवश्यकता इमरजेंसी बाहनों एवं हेल्प रिस्पांस टीम आदि में पड़ती है।

उदाहरण - लैब तकनीशियन
नर्स
~~[illegible]~~ एक्स रे मशीन चालक

भारत का नं. 1 संस्थान
कौटिल्य एकेडमी
सफलता का प्रवेश द्वार

प्रश्न संख्या

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

2 A

विभिन्न सामाजिक व विधान यथा बाल विवाह निषेध अधि० 2006, अस्पृश्यता निवारण अधिनियम 1976 एवं घरेलू हिंसा (निवारण) अधिनियम 2006 का भारतीय समाज पर निम्नानुसार प्रभाव पड़ा है –

(i) जाति प्रथा की कट्टरता में कमी आयी है।
(ii) अंतर्जातीय विवाहों का चलन बढ़ा है।
(iii) विवाह की उम्र में वृद्धि हुई है।
(iv) महिलाओं की स्थिति में सुधार है।
(v) जागरूकता बढ़ने से साक्षरता दर में वृद्धि हुई है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार साक्षरता दर 76% तक पहुँच गयी है।

2

प्रश्न संख्या

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

भारत का नं. 1 संस्थान
कौटिल्य एकेडमी
सफलता का प्रवेश द्वार–

2 C

सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम - 1955

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17(A) के अंतर्गत अस्पृश्यता को समाप्त किया गया है। इसी अनुच्छेद को व्यावहारिक रूप देने के सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 पारित किया गया है।

इसका उद्देश्य धार्मिक, सामाजिक एवं अन्य सभी प्रकार की अस्पृश्यता को समाप्त कर, सामाजिक भेदभाव को दूर करना है।

अर्थात् यह अधिनियम सामाजिक विभेदीकरण के सिद्धांत पर आधारित है।

अधिनियम के अंतर्गत दंड

इस अधिनियम में वर्णित किसी भी प्रकार का अपराध अर्थात् अस्पृश्यता से उद्भूत अपराध पर 1 माह से 6 माह तक सजा एवं 100 रु. से 500 रु. तक अर्थदंड अथवा दोनों हो सकते हैं।

[illegible] अधिनियम के अंतर्गत [illegible] उनकी स्थिति [illegible] वर्णन करें

Scanned with CamScanner

भारत का नं. 1 संस्थान
कौटिल्य एकेडमी
सफलता का प्रवेश द्वार...

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

प्रश्न संख्या

2 D

सूचना का अधिकार अधिनियम '2005 (RTI Act '2005)

प्रशासन में पारदर्शिता लाने एवं उत्तरदायी प्रशासन की अवधारणा को साकार रूप देने के लिए RTI Act '2005' संसद द्वारा पारित किया गया है। इसका विस्तार संपूर्ण भारत पर है।

प्रावधान — देश का कोई भी नागरिक किसी भी सरकारी कार्यालय, संसद या राज्य विधान सभा से संबंधित कार्यालय से सूचना माँग सकता है।

सूचना उपलब्ध कराने की समय-सीमा 30 है हालांकि जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता से संबंधित सूचना 48 घंटे के अंदर उपलब्ध करा दी जाती है।

केंद्रीय सूचना आयोग एवं राज्य सूचना आयोग की स्थापना का भी प्रावधान है।

अपूर्ण सूचना मिलने या सूचना न प्राप्त होने पर अपील की व्यवस्था है।

इस प्रकार RTI Act '2005' पारदर्शी प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न संख्या

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

कौटिल्य एकेडमी

2 6

सामाजिक न्याय

सामाजिक न्याय से तात्पर्य है कि समाज के हर व्यक्ति को उचित अधिकार मिले एवं उपलब्ध संसाधनों का इष्टतम लाभ प्राप्त कर सके।

सामाजिक न्याय की आवश्यकता

समाज के सभी वर्ग संतुष्टि के साथ जीवन जी सके। इसके लिए सामाजिक न्याय की महत्ती आवश्यकता है। इसी बात का महत्व समझते हुए संविधान में भी सामाजिक न्याय को पर्याप्त स्थान दिया गया है।

- सामाजिक न्याय से असंतोष की भावना समाप्त होती है।
- समावेशी विकास को बढ़ावा मिलता है।
- राष्ट्र निर्माण में सभी का योगदान सुनिश्चित होता है।

स्पष्ट है देश के समस्त नागरिकों का सर्वांगीण विकास हेतु सामाजिक न्याय अनिवार्य है।

3½

प्रश्न संख्या 2 5

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका (Mains Answer Sheet)

भारत का नं. 1 संस्थान कौटिल्य एकेडमी सफलता का प्रवेश द्वार

~~निःशक्तता~~

निःशक्तता से तात्पर्य किसी प्रकार की शारीरिक अथवा मानसिक अक्षमता से है।

वर्तमान मे विश्व में 500 मिलियन निःशक्त लोग हैं।

भारत मे निःशक्तता के कारण-

(i) पोलियो - पोलियो शरीर के किसी भी अंग को जीवन भर के लिए अक्षम बना देता है।

(ii) आनुवंशिक विकारो के कारण भी निःशक्तता होती है।

(iii) कुपोषण - कुपोषण के कारण भी आयु के अनुरूप मानसिक एवं शारीरिक विकास नहीं हो पाता है।

(iv) दुर्घटनाएँ - सड़क दुर्घटना के साथ साथ अन्य दुर्घटनाएँ जैसे आगजनी आदि इसके लिए जिम्मेदार है

(v) विभिन्न बीमारियाँ जैसे लकवा आदि

उपरोक्त के अलावा लोगों को समय पर इलाज न मिलना एवं निर्धनता भी इसके लिए जिम्मेदार है।

5

भारत का नं. 1 संस्थान
कौटिल्य एकेडमी
सफलता का पर्याय ट्रस्ट

प्रश्न संख्या

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

2 H

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, "कुपोषण किसी व्यक्ति में ऊर्जा और/या पोषक तत्वों की कमी, अधिकता अथवा असंतुलन को दर्शाता है।"

इसे पहचानने हेतु 3 समूहों में विभाजित किया जा सकता है –

(i) अल्प पोषण – इसमें निर्बलता, वृद्धिरोध एवं वजन में कमी शामिल है।

(ii) सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी संबंधी कुपोषण – इसमें विटामिन और खनिजों की कमी/अधिकता शामिल है।

(iii) वजन की अधिकता – इसमें मोटापा एवं आहार संबंधी गैर-संचारी रोग शामिल हैं।

कुपोषण मापने के लिए बच्चे का वजन, लंबाई एवं वजन का अनुपात तथा प्रोटीन एनर्जी आदि को देखा जाता है।

ज्ञातव्य है कि भारत में कुपोषण को मापने हेतु 'बॉडी मॉस इंडेक्स' (BMI) विधि का उपयोग किया जाता है।

5

(12)

प्रश्न संख्या 2 2

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

भारत का नं. 1 संस्थान
कौटिल्य एकेडमी
सफलता का प्रवेश द्वार...

पर्यावरण सुरक्षा से तात्पर्य पर्यावरण ~~के~~ यथा जल, वायु, मृदा आदि के प्रदूषित होने से रोकने के साथ-साथ, जलवायु परिवर्तन आदि को रोकने से है।

गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका

- ये संगठन सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं।
- ये विभिन्न प्रकार के सर्वे करके सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करने में सहायक हैं।
- देश के हर व्यक्ति/कोने/गाँव तक सरकार का पहुँचना कठिन है अतः वहाँ गैर सरकारी संगठन अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

उपरोक्त के अलावा चूँकि इन संगठनों का संचालन विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाता है अतः उनका सामाजिक प्रभाव अधिक होने से लोग उनका अनुसरण भी करते हैं।

और भूमिका ... [illegible]

3½

(13)

भारत का नं. 1 संस्थान
कौटिल्य एकेडमी
सफलता का प्रवेश द्वार

प्रश्न संख्या

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

2 K

प्रतिरक्षण

किसी रोगकारी स्वापन या जीव के शरीर में प्रवेश करने पर शरीर द्वारा प्रतिक्रिया उत्पन्न कर उसके प्रभाव को समाप्त करना, प्रतिरक्षण कहलाता है।

प्रतिरक्षण के प्रकार

स्वतः निर्मित — बाह्य निर्मित (वैक्सीन द्वारा)

स्वतः निर्मित :- जब शरीर वातावरण के अनुसार किसी रोग के विरुद्ध इम्यूनिटी विकसित कर लेता है, तो इसे स्वतः निर्मित प्रतिरक्षण कहा जाता है।

उदाहरण - हाल ही में हो रहे सीरो सर्वे में कोविड 'कोरोना वायरस' के विरुद्ध 'एंटीबॉडी' मिल रही है।

वैक्सीन द्वारा — इसे टीकाकरण के जरिये विकसित किया जाता है। भारत में इसके लिए सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम, मिशन इंद्रधनुष आदि कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

3½

भारत का नं. 1 संस्थान
कौटिल्य एकेडमी
सफलता का प्रवेश द्वार

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

प्रश्न संख्या

2 (b)

भारत का उच्च शिक्षा तंत्र अमेरिका और चीन के बाद विश्व का तीसरा सबसे बड़ा उच्च शिक्षा तंत्र है।

भारत में उच्च शिक्षा की समस्याएँ

(i) राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के शोध के अनुसार "भारत में 90% कॉलेज एवं 70% विश्वविद्यालय अत्यन्त कमजोर हैं।"

(ii) नैस्कॉम एवं मैकिंसे के शोध के अनुसार भारत ~~मानवि~~ मानविकी विषय में 10 में से 01 एवं इंजीनियरिंग विषय में 4 में से 01 डिग्रीधारक ही नौकरी योग्य है।

इसके अलावा निम्न सकल नामांकन अनुपात, राजनीतिक हस्तक्षेप, अवसंरचना का अभाव, अपर्याप्त अनुसंधान, एवं शिक्षकों की कमी मुख्य समस्याएँ हैं।

सुधार के उपाय

(i) विश्वविद्यालयों को दिये जाने वाले अनुदानों का कुछ प्रतिशत गुणवत्ता के

15

प्रश्न संख्या

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका (Mains Answer Sheet)

भारत का नं. 1 संस्थान कौटिल्य एकेडमी सफलता का प्रतीक द्वार...

आधार पर तय होना चाहिए।

(ii) विशिष्ट पेशेवरों की भर्ती करना होगा।

(iii) प्रयोगशालाओं का विकास।

(iv) पाठ्यक्रम को रोजगार उन्मुखी बनाना।

इसके अतिरिक्त उच्च शिक्षा संस्थानों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करना होगा।

4

भारत का नं. 1 संस्थान
कौटिल्य एकेडमी
सफलता का प्रवेश द्वार-
मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

प्रश्न संख्या 2 M

## ऑनलाइन शिक्षण प्रणाली

इंटरनेट के जरिये दूरस्थ बैठे विद्यार्थियों को शिक्षा उपलब्ध कराने की प्रणाली ऑनलाइन शिक्षण प्रणाली कहलाती है।

इसमें 'व्हाट्स एप', 'ऑनलाइन टीचिंग एप' आदि तकनीकों का उपयोग किया जाता है।

उपयोग

विद्यार्थी की दृष्टि से

- आने-जाने का समय एवं परिवहन खर्च बचता है।
- सुविधानुसार समय पर 'डाउनलोड कन्टेंट' को पढ़ सकते हैं।
- घर बैठे ही दुनिया के किसी भी शिक्षण संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

शिक्षण संस्थानों की दृष्टि से

(i) एक बार पाठ्यक्रम तैयार कर लेने के बाद बार-बार 'टीचिंग स्टाफ' के

Scanned with CamScanner

प्रश्न संख्या

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

कौटिल्य एकेडमी
सफलता का प्रवेश द्वार...

खर्च मे कमी।

(ii) ~~अवसंरचना~~ अवसंरचनात्मक खर्च मे कमी।

(iii) संपूर्ण वैश्विक बाजार तक पहुँच।

<u>हानि</u> –

सभी विद्यार्थियों के पास 'डिवाइस' नही होती।

– तकनीकि ज्ञान की कमी बाधा बनती है।

– लगातार कम्प्यूटर मोबाइल आदि के इस्तेमाल से विभिन्न बीमारियों का जन्म लेना।

स्पष्ट है कि ऑनलाइन शिक्षण प्रणाली के गुण दोषों को ध्यान मे रखते हुए संतुलित रूप से अपनाने की आवश्यकता है।

5

3 A

अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम 1989, 30 जनवरी 1990 से संपूर्ण देश में लागू है।

इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों के विरुद्ध किये जाने वाले अपराधों को समाप्त करना है।

अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत वर्णित अपराध –

कोई भी व्यक्ति जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का नहीं है यदि अनुसूचित जाति या ~~जन~~ जनजाति के खिलाफ निम्न कार्य करता है —

उसे अखाद्य पदार्थ या घृणाजनक पदार्थ खाने को मजबूर करता है।

उसके आसपास या पड़ोस में घृणाजनक पदार्थ, मल-मूत्र आदि डालता है।

उसकी भूमि ~~छीनता~~ छीनता है या अधिकार में हस्तक्षेप करता है।

उससे बेगार या बलात् श्रम करवाता है।

किसी लोक सेवक से उसके विरुद्ध मिथ्या कार्यवाही करवाता है।

उसे अपमानित करने का काम करता है।

अनुसूचित जाति या जनजाति की स्त्री की लज्जा भंग करता है या अनादर करने का प्रयास करता है।

उसे मतदान करने से रोकता है या किसी विशेष उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने को मजबूर करता है।

उसके शरीर से बलपूर्वक कपड़े उतारता है या शरीर को पोतकर घुमाता है।

अनुसूचित जाति या जनजाति की महिला की स्थिति का फायदा उठाकर लैंगिक शोषण करता है।

उसके जलस्त्रोत आदि को दूषित या गंदा करता है।

सार्वजनिक पहुँच के मार्ग में बाधा डालता है।

उसे अपना मकान, गाँव या अन्य निवास स्थान छोड़ने को मजबूर

भारत का नं. 1 संस्थान
कौटिल्य एकेडमी
सफलता का प्रवेश द्वार...

प्रश्न संख्या

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

करता है।

उसके खिलाफ मिथ्या साक्ष्य देता है जिससे उसे मृत्यु दण्ड हो सकता है।

उसके खिलाफ मिथ्या साक्ष्य देता है जिससे उसे 07 (सात) वर्ष से अधिक की सजा हो सकती है।

अग्नि या विस्फोटक पदार्थ द्वारा उसके मकान या संपत्ति को नुकसान पहुँचाता है।

उसके कोई विधिक साक्ष्य नष्ट करेगा।

भारतीय दण्ड संहिता के अधीन 10 वर्ष से अधिक दण्डनीय अपराध करेगा।

लोकसेवक होते हुए भी इस धारा की अधीन अपराध करेगा।

स्पष्ट है कि इस अधिनियम के अंतर्गत दण्डनीय अपराधों का विस्तृत वर्णन धारा 3 में दिया गया है।

भारत का नं. 1 संस्थान
कौटिल्य एकेडमी
सफलता का प्रवेश द्वार...

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

प्रश्न संख्या: 3 8

शिक्षा का अधिकार अधिनियम

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 45 को व्यावहारिक रूप देने के लिए 86वाँ संविधान संशोधन अधिनियम 2002 के माध्यम से शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू किया गया है।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम पूरे देश में 1 अप्रैल 2010 से लागू है।

उद्देश्य

इसके द्वारा भारतीय संविधान में अनुच्छेद 21A जोड़ा गया है जो मूल अधिकारों के अंतर्गत आता है। अतः इसका उद्देश्य 6-14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क अनिवार्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।

प्रमुख प्रावधान

(i) इसमें 6-14 वर्ष तक के बच्चों निःशुल्क, अनिवार्य और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की व्यवस्था की गयी है।

Scanned with CamScanner

(ii) इसमें शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार घोषित किया गया है। अत: शिक्षा प्राप्त न होने की स्थिति में अनुच्छेद 226 के अंतर्गत 'उच्च न्यायालय' एवं अनुच्छेद 32 के अंतर्गत 'उच्चतम न्यायालय' में याचिका दायर की जा सकती है।

(iii) प्रवेश दिलाने की जिम्मेदारी अभिभावकों की होगी। इसके लिए अनुच्छेद 51(A) में 11वां मूल कर्तव्य भी जोड़ा गया है।

(iv) 3 किमी. के अंदर शाला खोलने का भी प्रावधान है (जहाँ नहीं है)

(v) आवश्यक निधि की व्यवस्था केंद्र एवं राज्य सरकार करेंगी

(vi) अध्यापक निजी ट्यूशन नहीं करेंगे।

(vii) इसके प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन के लिए 'विशेषज्ञों की राष्ट्रीय परिषद' की स्थापना केंद्र सरकार करेगी।

चुनौतियाँ :

(i) बाल श्रम एवं घरेलू काम के कारण बच्चे विद्यालय नहीं जा पाते हैं।

Scanned with CamScanner

(ii) गरीबी एवं निरक्षरता इसके मार्ग क्रियान्वयन मे बड़ी बाधा है।

(iii) खराब सड़के एवं परिवहन की सुविधा का अभाव।

(iv) लड़कियो की सुरक्षा संबंधी चिंता।

(v) स्कूलो मे मूलभूत सुविधाएँ जैसे पानी, शौचालय, आदि की व्यवस्था न होना।

(vi) बाल विवाह की प्रथा का चलन।

उपरोक्त के अलावा अध्ययनो से पता चला है कि लोग विभिन्न योजनाएँ जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि से परिचित नही है जिससे शिक्षा के विकास मे बाधा उत्पन्न होती है।

अत: उपरोक्त चुनौतियो को दूर कर लोगो को जागरुक किये जाने की आवश्यकता है।

१६

(2)

कौटिल्य एकेडमी

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका (Mains Answer Sheet)

प्रश्न संख्या

3 D

ग्रामीण क्षेत्र मे स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति

देश की लगभग 69% आबादी गाँव मे बसती है अतः ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएँ हमेशा ही [illegible] के लिए विचारणीय विषय रहा है।

ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओ की वर्तमान स्थिति :-

(i) अखिल भारतीय स्तर पर चिकित्सको के आधे से अधिक पद खाली पड़े है।

(ii) जो चिकित्सक तैनात है वे भी वहां नहीं रहते है।

(iii) गुणवत्ता पूर्ण दवाइयो की कमी एवं दवा चोरी एक समस्या है।

(iv) नसबंदी के अलावा कोई ऑपरेशन नही हो पाता।

स्वास्थ्य सुविधाओं की बुरी हालत के कारण

(i) प्रशिक्षित डॉक्टर एवं सहायक स्टाफ की कमी।

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)
कौटिल्य एकेडमी

प्रश्न संख्या

(ii) आधारभूत संरचना की कमी।
(iii) शहरों से भौगोलिक दूरी।
(iv) जागरूकता एवं शिक्षा के स्तर की कमी।

सरकार द्वारा उठाये गये कदम

अल्मा अता घोषणा, 1978 के अनुसार भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का त्रिस्तरीय ढाँचा खड़ा किया गया है जो निम्नानुसार है—

(i) स्वास्थ्य एवं कल्याण उपकेन्द्र
- पंचायत स्तर पर
- (3000-5000 तक की जनसंख्या पर)

(ii) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
20,000-30,000 तक की जनसंख्या पर

(iii) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
- विकास खंड स्तर पर
- 80,000-120,000 तक की जनसंख्या पर।

## राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन

देश के दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले निर्धनतम परिवारों को सुलभ, वहनीय और गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 12 अप्रैल 2005 को शुरू किया गया।

## राष्ट्रीय आयुष मिशन

शुभारम्भ – 29 अक्टूबर 2014
उद्देश्य – आयुष स्वास्थ्य सेवा पहुँचाना

## आयुष्मान भारत –

यह एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है जिसकी शुरुआत 14 अप्रैल 2018 को की गयी थी।

इसके दो मुख्य स्तम्भ हैं –

(i) देश में 1 लाख 'हेल्थ एंड वेलनेस' सेंटर्स स्थापित करना।

(ii) 10 करोड़ परिवारों को 5 लाख का प्रतिवर्ष स्वास्थ्य बीमा कवच से जोड़ना।

Scanned with CamScanner

भारत का नं. 1 संस्थान
कौटिल्य एकेडमी
सफलता का पर्याय बना...

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

प्रश्न संख्या

उपरोक्त के अलावा, सरदार वल्लभ भाई जन औषधि वितरण केन्द्र, जननी सुरक्षा योजना, आंगनबाड़ी केन्द्र, आशा कार्यकर्ता, 108 एंबुलेंस, दीन दयाल चलित अस्पताल आदि के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही है।

इस प्रकार वर्तमान में भले ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति खराब है, परन्तु सुधार हेतु सरकार द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

10

Scanned with CamScanner